हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 14 जनवरी 2026

11 जिला अंडर 12 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का फाइनल मैच...



12 लोहड़ी हमारी समृद्ध लोक-संस्कृति, नारी शक्ति और...






## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी करते महिला को किया काबू

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हेरोइन तस्करी में संलिप्त एक महिला आरोपी को काबू किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम के उद्देश्य से थाना शहर टोहाना क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव लोहाखेड़ा में दबिश दी।

### फसल मुआवजा घोटाले में युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद द्वारा फसल मुआवजा घोटाले के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान सुभाष पुत्र पूर्णा चंद निवासी ढाणी मियां खान, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 1 लाख 60 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि यह मामला गांव बड़ोपल से संबंधित खरीफ फसल वर्ष 2021 के मुआवजा वितरण में की गई बड़े स्तर की अनियमितताओं और सरकारी धन के गबन से जुड़ा हुआ है।

### हजारों की ठगी करने पर आरोपी को पकड़ा

**फतेहाबाद।** साइबर ठगी के एक मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान अंकुश पुत्र संजय निवासी बड़ोपल, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस प्रकरण में इससे पूर्व दो आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

**सिरसा।** न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

# भट्टू पंचायत समिति चेयरपर्सन की कुर्सी खतरे में, 21 में से 17 पार्षदों ने की बगावत

## अविश्वास पर बैठक को लेकर एडीसी से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले की भट्टू पंचायत समिति की चेयरपर्सन ज्योति लूणा को कुर्सी से हटाने के लिए एक बार फिर मैम्बरों ने बगावत कर दी है। पंचायत समिति 21 में से 17 सदस्यों ने मंगलवार को कार्यवाहक एडीसी से मुलाकात की और अविश्वास प्रस्ताव पर जल्द मीटिंग बुलाने की मांग की। विरोध सदस्यों का नेतृत्व वाइस चेयरमैन बंसी लाल ने किया। बंसीलाल को पूर्व विधायक दुड़ाराम का समर्थक माना जाता है। बता दें कि, इससे पहले भी 31 दिसंबर 2024 को चेयरपर्सन ज्योति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मीटिंग बुलाई गई थी। मगर उस समय ज्योति लूणा की कुर्सी बच गई थी। नियमानुसार एक बार अविश्वास प्रस्ताव लाने के एक साल बाद ही दोबारा लाया जा सकता है, इसलिए अब फिर से कोशिशें शुरू हो गई है। कार्यवाहक डीसी से मिलने पहुंची पंचायत समिति समिति सदस्य अनु सरबटा ने बताया कि जब 2022 में ज्योति लूणा को बनाया गया था। उस समय बात तय हुई थी कि ढाई साल वह बनेगी और अढ़ाई मुझे बनाया जाएगा। अब ज्योति लूणा मुकर गई है, इसलिए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है।



**फतेहाबाद।** कार्यवाहक डीसी से मिलने पहुंचे पंचायत समिति भट्टू के सदस्य।

### इन सदस्यों ने जताया अविश्वास

अविश्वास प्रस्ताव देने वालों में वाइस चेयरमैन बंसीलाल, सदस्य अनु सरबटा, कविता, विनोद गुज्जर, प्रवीन गोदारा, प्रवीन तरड़, राजेश धतरवाल, राजेश शर्मा, नरेश राड़, गोविंद भादू, सुनीता दैयड़, बिस्पति देवी, सुरेश कला, उर्मिला सिंवर, सतीश कुमार, विजेंद्र सिंह व मनीता रानी शामिल हैं।

### पहले भी हो चुकी है हटाने की कोशिश, खारिज हो चुका है प्रस्ताव

बता दें कि पंचायत समिति भट्टू की चेयरपर्सन ज्योति लूणा को पहले भी हटाने की कोशिश की जा चुकी है। उनकी कुर्सी गिराने के लिए 8 नवंबर 2024 को उपाध्यक्ष बंसीलाल के नेतृत्व में कई सदस्यों ने एडीसी से मिलकर अविश्वास प्रस्ताव के लिए मीटिंग बुलाने की मांग उठाई। इसके बाद 18 नवंबर 2024 को मीटिंग का दिन तय कर दिया गया था, मगर एडीसी के छुट्टी पर चले जाने के कारण मीटिंग रद्द कर दी गई। इसके बाद 4 दिसंबर 2024 को दूसरी बार मीटिंग का दिन तय किया गया, उस दिन भी एडीसी चंडीगढ़ मीटिंग में चले गए। इस कारण अविश्वास प्रस्ताव पर मीटिंग नहीं हो पाई। दो बार मीटिंग न होने के बाद चेयरपर्सन ज्योति लूणा के वकील ने हाईकोर्ट में डेट के लिए अपील डाल दी, जिसके बाद 31 दिसंबर 2024 को मीटिंग के लिए तिथि निर्धारित की गई थी। दो बार पहले मीटिंग रद्द होने और ज्योति लूणा के हाइकोर्ट जाने से जिला प्रशासन ने 31 दिसंबर 2024 को तीसरी बार मीटिंग बुलाई। उस मीटिंग में चेयरपर्सन ज्योति के अलावा कोई भी सदस्य नहीं पहुंचा, जिसके बाद अविश्वास प्रस्ताव खारिज कर दिया गया था।

गौरतलब है कि ज्योति लूणा साल 2022 में तत्कालीन विधायक दुड़ाराम के समर्थन से चेयरपर्सन बनी थी, मगर विधानसभा चुनाव के दौरान वह दुड़ाराम का साथ छोडक़र कांग्रेस प्रत्याशी बलवान दौलतपुरिया के समर्थन में चली गई। इससे उनके परिवार और दुड़ाराम के बीच खटास बढ़ गई। विधानसभा चुनाव में दुड़ाराम की हार के बाद तनाव और बढ़ गया। दुड़ाराम की हार से नाराज उनके समर्थक सदस्य अब किसी भी कीमत पर चेयरपर्सन को कुर्सी पर टिका हुआ नहीं देखना चाह रहे हैं, इसलिए लगातार कुर्सी गिराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# आवारा पशुओं को लेकर नप की नींद खुली, हेल्पलाइन नंबर जारी

## प्रमुख मार्गों पर जागरूकता बैनर भी लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर में घूम रहे बेसहारा पशु और आवारा कुत्तों के संदर्भ में हरिभूमि द्वारा 12 जनवरी के अंत में प्रकाशित समाचार 'सड़कों पर गोवंश टक्कर मारकर जान लील रहे, कहीं कुत्ते हमला कर लोगों को नोंच रहे' के बाद नगरपरिषद प्रशासन की नींद खुली है। इसके बाद हरकत में आए नगरपरिषद अधिकारियों ने शहर में बेसहारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया है। अब कोई भी नागरिक शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं व आवारा कुत्तों के संदर्भ में इस बारे सीधे नगर परिषद प्रशासन को सूचना दे सकेगा। इसको लेकर नगरपरिषद ने लोगों को इस सुविधा की जानकारी देने के लिए शहर के प्रमुख मार्गों और चौकों पर जागरूकता बैनर भी लगाए गए हैं। बता दें कि, सुप्रीम कोर्ट बेसहारा पशुओं को नियंत्रित करने के लिए निर्देश दे चुका है। नगर परिषद के अनुसार, सडक़ पर घूम रही बेसहारा गायों, सांडों और कुत्तों के कारण अक्सर यातायात बाधित होता है और हादसों का खतरा बना रहता है। ऐसे में आमजन की सहभागिता से इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा।




हरिभूमि में प्रकाशित समाचार।

### नागरिकों से सहयोग की अपील

नगर परिषद का दावा है कि इस व्यवस्था से न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। नगर परिषद के सीएसआई महेश कुमार ने बताया कि यदि किसी भी नागरिक को शहर में कहीं भी बेसहारा पशु दिखाई दें, तो नागरिक इस हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दे सकते हैं। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 9896414256 पर कॉल करनी है। सूचना मिलने के बाद नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंचकर बेसहारा पशुओं को पकडऩे और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की कार्रवाई करेगी। नगर परिषद अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे सहयोग करें और किसी भी स्थिति में खुद जोखिम न उठाए, बल्कि हेल्पलाइन पर जानकारी दें।



**सिरसा।** गांव निरबाण के पास माइनर टूटने से खेतों में घुसता पानी।

### गांव निरबाण स्कूल के पास टूटी माइनर, फसल जलमग्न

**चोपटा।** गांव निरबाण के पास से गुजरने वाली गुड़्याि खेड़ा माइनर नहर अचानक टूट गई, जिससे कई एकड़ फसल जल मग्न हो गई और गांव निर्बाण के मिडिल स्कूल में भी पानी घुस गया। माइनर में करीब 20 फुट चौड़ी दरार आ गई। ग्रामीणों ने माइनर टूटने की सूचना सिंचाई विभाग को दे दी है। जानकारी के अनुसार गांव निर्बाण के मिडिल स्कूल के पास से गुजरने वाली गुडिय़ाखेड़ा माइनर नहर रात को अचानक टूट गई। किसानों ने बताया कि कल ही माइनर में पानी आया था और आते ही माइनर टूट गई जिससे उनकी फसल जल मग्न हो गई और जिन किसानों की बारी आगे है उनके खेत सूखे ही रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के मिडिल स्कूल के पास नहर टूटने से जहां एक और खेतों में पानी भर गया वहीं मिडिल स्कूल में भी पानी घुसने लग गया है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिंचाई विभाग को दे दी है। सिंचाई विभाग द्वारा पीछे से नहर को बंद करवा कर दरार को पाटने का काम शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से माइनर में पानी नहीं आ रहा था और जैसे ही कल पानी आया तो ग्रामीण किसानों को कुछ सिंचाई की आस होने लगी। लेकिन रात को फिर माइनर टूट गई जिससे जहां और एक माइनर के पास लगते खेतों में गेहूं व सरसों की फसल जल मग्न हो गई वहीं जिन किसानों की खेतों की बारी थी उनमें सिंचाई नहीं हो पाई। गुडिय़ा खेड़ा माइनर राजकुमार सिंवर के खेत में टूटा ओट राजकुमार सिंवर के साथ लीलू कस्वां चानन कस्वां रोहतास जयदेव और पंचायती भूमि में पानी भर रहा है पानी का कुछ हिस्सा मिडल स्कूल में भी जा रहा है जिससे 2-3 एकड़ स्कूल की खाली पड़ी जमीन में पानी भर चुका है।

### महिलाओं ने दिनदहाड़े दुकान में की चोरी

**टोहाना।** शहर के रेलवे रोड स्थित राधा रमन इंटरप्राइजिज दुकान में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे दो महिलाएं अपने नाबालिग बच्चों के साथ दुकान में खरीददारी के बहाने घुसी और वहां से हजारों रुपये का सामान चुराकर रफूचक्कर हो गई। दुकानदार को जब चोरी का पता चला तो उसने महिलाओं की काफी तलाश की लेकिन जब उनका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। रमन इंटरप्राइजिज के मालिक अनुराग गर्ग ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े 3 बजे दो महिलाएं एक बच्चे के साथ दुकान में दाखिल हुई। दोनों महिलाओं ने टोपी पहनकर अपना चेहरा छिपाने की कोशिश की। एक महिला बच्चे के साथ काउंटर के पास खड़ी रही, जहां बच्चे ने ईयर वॉर्म उठाकर महिला को दिया और उसने उसे अपनी शॉल में छिपा लिया। इसी दौरान दूसरी महिला ने दुकान से एक गर्म जैकेट चुरा ली। कुछ देर बाद करीब 14 से 15 साल की एक लडक़ी भी दुकान में आई, जिसने एक और ईयर वॉर्म उठाकर दुकान में रखे एक लिफाफे में डाल दिया।




## समय पर इलाज न होने पर सुनने की क्षमता पर पड़ सकता है असर

# ठंड में सर्दी-जुकाम के साथ बढ़ी ईएनटी ओपीडी

■ जुकाम के कारण कान में संक्रमण होने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ठंड के मौसम में सर्दी, खांसी और जुकाम के साथ अब कान दर्द की समस्या भी तेजी से बढ़ रही है। इसका सीधा असर ईएनटी ओपीडी पर देखने को मिल रहा है। जिले के सिविल अस्पतालों में प्रतिदिन करीब 250 मरीज ईएनटी संबंधी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। इनमें से औसतन 70 से 75 मरीज कान दर्द और संक्रमण की शिकायत लेकर आ रहे हैं।

नागरिक अस्पताल के ईएनटी डॉ. जेपी शर्मा ने बताया कि सर्दी-जुकाम के दौरान नाक बहने से यूस्टेशियन ट्यूब में तरल चला जाता है। कई बार कफ के कारण यह ट्यूब ब्लॉक हो जाती है, जिससे कान में संक्रमण हो जाता है। बच्चों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। इसमें कान में दर्द, भारीपन और सुनने की समस्या होती है। समय पर इलाज न मिलने पर सुनने की क्षमता प्रभावित होती है। ईएनटी विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन महीनों में कान दर्द से जुड़े मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि ठंड में सतर्कता और समय पर इलाज से कान संक्रमण की गंभीर समस्या से बचा जा सकता है।




**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल।

### संक्रमण से बढ़ती है समस्या

अस्पताल से ईएनटी डॉ. जेपी शर्मा ने बताया कि यूस्टेशियन ट्यूब कान और नाक को जोडऩे वाली नली होती है, जो मध्य कान में हवा का दबाव संतुलित रखती है। इसमें रुकावट या संक्रमण होने पर कान में तरल जमा हो जाता है, जिससे दर्द और सुनने की समस्या शुरू हो जाती है।

### बचाव के उपाय

- सर्दी-जुकाम को हल्के में न लें।
- बच्चों को नहलाते समय कान में रूई लगाएं।
- ठंड से बचाव करें और कान गीले न रखें।
- कान में दर्द या बहाव होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

### मरीजों की संख्या

| माह | कुल मरीज | कान दर्द |
| --- | --- | --- |
| अक्टूबर | 180 | 45 |
| नवंबर | 210 | 55 |
| दिसंबर | 240 | 60 |
| जनवरी | 250 | 75 |



# इतिहास बदलने की दास्तान है 'स्पेस जेन : चंद्रयान'

**मुंबई।** 'पंचायत' के मेकर्स की नई वेब सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज ओटीटी पर गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो रही है। कहानी चंद्रयान-2 की असफलता के बाद की वैज्ञानिक चुनौतियों और फिर इतिहास रचने की दास्तान की है। यह वेब सीरीज हिंदुस्तान के उस सपने की कहानी है, जिसमें हारना और हार के बाद फिर से उठकर इतिहास बदलने की दास्तान है। यह कहानी है इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के चंद्रयान-2 मिशन की नाकामी और फिर चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की। अनंत सिंह के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' के ट्रेलर की शुरुआत सवालों से होती है।

## लाइफ Style



# तापसी
## दूसरों को गिराने के लिए दिए जा रहे पैसे

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी महिला आधारित फिल्मों और शानदार अभिनय के अलावा, अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। तापसी अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। अब तापसी ने इंस्ट्री में चलने वाले पीआर गेम पर अपनी राय रखते हुए इसकी आलोचना की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वो खुद को इस पीआर गेम से दूर रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी ने पीआर को लेकर सवाल भी उठाया है। एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि आजकल इंडस्ट्री में पीआर गेम काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कामों में बहुत व्यस्त थी। लेकिन, पिछले डेढ़-दो साल से मैंने अपनी रफ्तार धीमी कर दी है और यह एक सोची-समझी कोशिश भी थी। मैंने महसूस किया है कि यह पीआर गेम एक अलग ही स्तर पर पहुंच गया है। आप या तो खुद को आगे बढ़ाने के लिए पैसे दे रहे हैं, जो पीआर करने का एक तरीका था। आप किसी और को नीचे गिराने के लिए भी पैसे दे रहे हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे ये नहीं समझ में आता कि कब से आपकी सफलता किसी और की असफलता पर निर्भर करने लगी? लोग प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने व्यक्तित्व का एक नया मुखौटा बना रहे हैं। मैं सिर्फ किसी हिट फिल्म में होने से संतुष्ट नहीं हूं, मुझे भी अपनी एक सशक्त आवाज चाहिए, भले ही वह आपकी न हो। लेकिन, आपको अपनी एक आवाज बनानी होगी। फिल्मों से परे आप जो आवाज बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वह आपके काम से मेल नहीं खाती। यही विरोधाभास है। आप फिल्मों से परे होने की बात कर रहे हैं, लेकिन आपका काम कुछ और ही कह रहा है।

## हॉलीवुड मसाला




### साइरंस किस में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सीरीज को लेकर भारत में भी अच्छा-खास क्रेज देखा जाता है। जल्द ही 'स्क्विड गेम'सीरीज एक्टर वी हाजुन एक नई कोरियन सीरीज 'साइरंस किस'में नजर आएंगे। इन दिनों भारतीय दर्शक कोरियन सीरीज को बड़ी संख्या में देख रहे हैं। ऐसे में कई स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर कोरियन सीरीज स्ट्रीम होती है। जल्द ही एक सीरीज 'साइरंस किस' भी दर्शक देख पाएंगे। साइरंस किस सीरीज में कॉन्फिडेंस क्वीन फेम की पार्क मिनयंग और स्क्विड गेम स्टार वी हाजुन नजर आएंगे।




### द ब्लफ के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स का किया वेलकम

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। आज प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई फ्लावर्स के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही प्रियंका ने फ्रैंक के लिए एक वेलकम नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर आगामी एक्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। प्रियंका ने फ्रैंक ई. फ्लावर्स के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की, जिसमें प्रियंका फ्लाइंग किस करती नजर आ रही है। और फ्रैंक उनके साथ सेल्फी खींचते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर शायद 'द ब्लफ' की शूटिंग के दौरान की है। इस तस्वीर के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक आपका इंस्टाग्राम पर स्वागत है।'



### मैं धरम जी के बेटों के बेहद करीब...

**मुंबई।** हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के बेटों सनी और बॉबी देओल के बीच अनबन की अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने परिवार के आपसी संबंधों और सनी द्वारा धर्मेंद्र की विरासत को आगे बढ़ाने की योजनाओं के बारे में बात की। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। वे 89 साल के थे। उनके निधन के बाद देओल परिवार के रिश्तों पर लोगों की नजर टिक गई। इन अफवाहों पर हेमा मालिनी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'सनी और बॉबी के साथ मेरा रिश्ता हमेशा बहुत अच्छा और प्यार भरा रहा है। आज भी वैसा ही है। मुझे समझ नहीं आता कि लोग हमारे बीच कुछ गड़बड़ क्यों सोचते हैं। लोग बस गपशप करना चाहते हैं। मुझे उन्हें जवाब क्यों देना चाहिए? कोई सफाई देना जरूरी नहीं है?



### अशरफ से जुड़ रहा नोरा का नाम...

**मुंबई।** नोरा फतेही अपनी अदाकारी और अपनी जबरदस्त डांस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। इस बार वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। नोरा फतेही मोरक्को मूल की हैं। वह 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' 2025 के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को की फुटबॉल टीम को चीयर करती दिखीं। इस टीम के कप्तान अशरफ हकीमी हैं। नोरा फतेही का नाम इसी फुटबॉलर से जोड़ा जा रहा है। अशरफ हकीमी की पहले स्पेनिश अभिनेत्री हिबा अबूक से शादी हो चुकी है। उनका रिश्ता 2020 से 2023 तक चला। उनके दो बच्चे आमीन और नईम हैं। साल 2023 में इस कपल का तलाक हो गया। हिबा स्पेनिश की कई मशहूर फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में मोरक्को की टीम की जीत के बाद नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा 'जबरदस्त खेल था!

## टीवी मसाला



### सुनील लेकर आ रहे भारत के सुपर फाउंडर्स

**नई दिल्ली।** फिल्मों में अपना दमदार अभिनय दिखाने के बाद अब अभिनेता सुनील शेट्टी ओटीटी पर वापसी करने वाले हैं, वो भी एक अलग अंदाज में। सुनील शेट्टी एक नया रियलिटी शो ला रहे हैं, जिसका नाम है 'भारत के सुपर फाउंडर्स'। यह शो 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। शो अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम करेगा, जहां इसे बिल्कुल फ्री में देखा जा सकता है। शो का नया एपिसोड हर शुक्रवार-शनिवार दोपहर 12 बजे से स्ट्रीम करेगा। सुनील शेट्टी इस शो में बतौर होस्ट नजर आएंगे। शो का ट्रेलर सामने आ गया है। भारत के सुपर फाउंडर्स में उद्योग जगत के दिग्गजों का एक प्रतिष्ठित पैनल भारत के उन नए उद्यमियों का समर्थन करने के लिए एक साथ आया है। ये काफी हद तक 'शार्क टैंक' जैसा है। शो की थीम बिजनेस पर आधारित है, जिसमें नए बिजनेसमैन या इंट्राप्रेन्योर अपने आइडियाज और स्टार्टअप्स पैनल में मौजूद दिग्गज उद्यमियों से साझा करेंगे। इसके बाद अगर पैनल संतुष्ट होता है या पैनल का कोई एक सदस्य संतुष्ट होता है, तो उनके स्टार्टअप में इन्वेस्टमेंट करेगा। ट्रेलर में 100 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट पूल को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो किसी भारतीय इंट्राप्रेन्योरियल रियलिटी सीरीज का अब तक का सबसे बड़ा अमाउंट है। इस निवेश को बिजनेस इंडस्ट्री के दिग्गजों के एक पैनल और रिकर क्लब का समर्थन प्राप्त है। शो का फोकस भारत भर के उन इंट्राप्रेन्योर्स पर है, जिनमें छोटे शहर और उभरते बाजार शामिल हैं। जो वास्तविक जरूरतों और मजबूत इरादों पर आधारित व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। सुनील शेट्टी शो में होस्ट और मेंटर के रूप में नजर आएंगे।

### द 50 शो का पहला लुक आया सामने

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी पर नए रियलिटी शो 'द 50' का पहला लुक सामने आने के बाद से ही दर्शक एक्साइटेड हैं। हालांकि, मेकर्स ने फराह खान



को होस्ट के रूप में दिखा दिया है, लेकिन कंटेस्टेंट्स और शो के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं बताई गई है। अब, 'द 50' के बारे में सारी बातें सामने आई है, ये एक ऐसा शो है जिसके बारे में मेकर्स का मानना है कि यह भारत में नॉन-फिक्शन टेलीविजन की दुनिया को बदल देगा। 1 फरवरी को प्रीमियर होने वाले उनके नए शो के बारे में पूछे जाने पर आलोक जैन ने बताया, 'द 50' में हम 50 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स को एक मंच पर लाएंगे और उन्हें कुछ बेहद एंटरटेनिंग टास्क पूरे करने होंगे। इसमें एलिमिनेशन भी होंगे। और लगभग 50 एपिसोड के बाद हमें विनर मिल जाएगा।' रियलिटी शो 'द 50' का प्रीमियर 1 फरवरी से रात 9 बजे जियोहॉटस्टार और रात 10:30 बजे कलर्स टीवी पर होगा।

### बॉलीवुड सेलेब्स ने मनाई लोहड़ी फैंस को दीं शुभकामनाएं

**मुंबई।** लोहड़ी का त्योहार खुशियों, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी के खास मौके पर लोग अलाव जलाकर नाच-गाना करते हैं और उसकी परिक्रमा करते हैं। अग्नि में तिल, गुड़, गजक, रेवड़ी और मूंगफली डालते हैं। लोहड़ी के मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्स अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, अनिल कपूर और रवीना टंडन के अलावा कई सेलेब्स ने अपने फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पिंक सूट में हाथ जोड़े लोहड़ी की शुभकामनाएं देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ रवीना ने लिखा, 'जैसे आज रात आग की लपटें नाचेंगी, वैसे ही आपका दिल भी खुशी और शांत जीत के साथ नाचे।' अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर पर अपने फैंस को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अक्षय ने पंजाबी में फैंस के लिए लिखा, 'आपको और आपके पूरे परिवार को लोहड़ी की लख-लख बधाई। वाहेगुरु जी आप सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के घरों को खुशियों से भर दें।' शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हैप्पी




लोहड़ी, आपकी यह लोहड़ी जोरदार हंसी और परिवार के साथ ढेर सारी खुशी के पलों से भरी हो। यह एक नई शुरुआत है और आग सारी नेगेटिविटी को दूर ले जाए, सिर्फ रोशनी, गर्माहट और खुशी बाकी रहे।' अनिल कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'आग की गर्मी आपके घर में खुशियां, समृद्धि और सफलता लाए।' जैकी श्रॉफ और 'बिग बॉस 19' की कंटेस्टेंट अशनूर कौर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने भी सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाई दी है। शाम कौशल ने लिखा, 'यह लोहड़ी आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाए।'

### रंग दे बसंती ने जगाया देशप्रेम, 3 इडियट्स ने दिखाई अलग राह, इन फिल्मों ने युवाओं का बदला नजरिया

**नई दिल्ली।** स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अलग तरह से सोचने की प्रेरणा दी। नई लीक पर चलने का साहस दिया। इन्हीं मूल्यों को हिंदी सिनेमा ने भी अपनाया है। यही कारण है कि कई फिल्में बॉलीवुड में ऐसी बनीं, जिन्होंने युवाओं को इंस्पायर किया। इन फिल्मों में बॉलीवुड के नामी कलाकारों ने भी अभिनय किया।

**3 इडियट्स :** आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स'को हर उम्र के दर्शकों ने पसंद किया था लेकिन इस फिल्म को सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी ने सराहा। इस फिल्म से कई यंगस्टर इंस्पायर हुए। उन्हें जिंदगी में कुछ अलग और नया काम करने की हिम्मत मिली। फिल्म में तीन इंजीनियरिंग स्टूडेंस की कहानी थी। फिल्म में रेंचो (आमिर खान ), राजू ( शरमन जोशी) और फरहान (आर माधवन ) के जरिए युवाओं को यह मैसेज दिया गया कि उन्हें वो काम करना चाहिए, जो खुशी दे। समाज के बनाए नियमों से पार जाकर अपने लिए अलग राह बनानी चाहिए, कुछ अलग सोचना चाहिए।

**रंग दे बसंती :** फिल्म 'रंग दे बसंती'ने युवाओं के मन में देशभक्ति का भाव पैदा किया था। देश के लिए कुछ करने की चाह पैदा की थी। फिल्म की कहानी में भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की सोच को अहमितय दी गई। इस फिल्म में आमिर खान ,सोहा अली खान, आर माधवन, सिद्धार्थ, शरमन जोशी, कुणाल कपूर, अतुल कुलकर्णी जैसे चर्चित कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इंस्पायर करती है।



**12वीं फेल :** विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म '12वीं फेल'भी यंगस्टर को बड़े सपने देखने के लिए इंस्पायर करती है। इस फिल्म में एक गरीब लड़के के आईएएस ऑफिसर बनने की कहानी है। यह फिल्म असफलता से निराश ना होने की बात करती है। ईमानदारी से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

**चक दे इंडिया :** शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'चक दे इंडिया में एक ऐसे कोच की कहानी थी, जो एक महिला हॉकी टीम को तैयार करता है। इस कहानी में कोच का रोल शाहरुख खान ने निभाया था। आज भी यह फिल्म स्पोर्ट्स लवर की फेवरेट बनी हुई है। वहीं इस फिल्म ने लड़कियों को खेलों में आने के लिए इंस्पायर भी किया था।

**दंगल :** फिल्म 'दंगल'ने भी महिला सशक्तिकरण की बात बहुत ही अलग ढंग से फिल्म में कहा। कई युवा लड़कियों के लिए यह फिल्म एक प्रेरणा बन गई। आमिर खान की फिल्म 'दंगल' की कहानी पहलवान महावीर सिंह फोगट के जीवन पर आधारित थी। फिल्म में महावीर सिंह का रोल आमिर खान ने किया था। कैसे महावीर सिंह फोगट ने अपनी बेटियों को रेसलर बनाया, इसके लिए क्या-क्या संघर्ष किया, यही सब फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म में फोगट बहनों का रोल फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा ने किया था।

### कई फिल्मों में दिखा मकर संक्रांति का उल्लास और उमंग

# बड़े पर्दे पर पतंगबाजी करते दिखे शाहरुख और सलमान

*नई दिल्ली। मकर संक्रांति का उत्सव देश भर में उल्लास-उमंग के साथ मनाया जाता है। इस त्योहार में बड़े और बच्चे मिलकर पतंगबाजी भी करते हैं। इस त्योहार को बॉलीवुड फिल्मों में भी बड़ी खूबसूरती से दिखा गया है। हिंदी फिल्मों में भारतीय त्योहार कहानियों का अहम हिस्सा रहे हैं। हमारे त्योहारों, इसकी परंपरा पर फिल्मों में कई गाने भी सुनने को मिलते हैं। कई गाने तो बहुत हिट भी रहे हैं। होली, दिवाली, करवाचौथ के गीत बहुत बड़ी संख्या में हिंदी फिल्मों में रखे जाते हैं। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार है। मकर संक्रांति पर भी फिल्मी गीत, सीन्स कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखे हैं।*



#### हम दिल दे चुके सनम

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम(1999)' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। इस फिल्म में मकर संक्रांति का त्योहार दिखाया गया था। साथ ही एक गाना 'ढील दे दे रे भईया'सलमान खान पर फिल्माया गया था। वह फिल्म में पतंगबाजी करते हुए नजर आते हैं। यह गाना आज भी मकर संक्रांति पर खूब पसंद किया जाता है, पतंगबाजी करते हुए लोग इस गाने को गाते या सुनते हैं। सलमान खान की 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सुल्तान'में भी मकर संक्रांति की एक झलक मिलती है। एक सीन में उनका किरदार अपने गांव की गलियों में पतंगबाजी करता हुआ नजर आता है।

#### काई पो चे

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'काई पो चे'साल 2013 में रिलीज हुई। इस फिल्म में भी 'मांझा'नाम से एक गाना था, जिसमें सुशांत, राजकुमार राव और अमित साध दोस्तों के किरदार में नजर आते हैं। फिल्म में सभी मिलकर मकर संक्रांति का त्योहार मनाते हैं। यह गाना भी मकर संक्रांति के मौके पर लोग काफी पसंद करते हैं।

#### रईस

शाहरुख खान की फिल्मों में भारतीय त्योहारों पर कई गाने देखने को मिलते हैं। साल 2017 में उनकी फिल्म 'रईस' रिलीज हुई। इस फिल्म में 'उड़ी उड़ी जाए' गाने में मकर संक्रांति का उल्लास, उमंग दिखा। पतंगबाजी भी झलक भी मिली। इस गाने में शाहरुख खान के साथ पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान भी नजर आईं।

#### पतंग द काइट

साल 2011 में रिलीज हुई 'पतंग द काइट' फिल्म की कहानी तो मकर संक्रांति पर की जाने वाली पतंगबाजी के ईद-गिर्द बुनी गई। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आए थे। इस फिल्म में मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाजी उत्सव के साथ एक परिवार के लोगों की जिंदगी, रिश्तों और सपनों को दिखाया गया है। तापसी पन्नू की फिल्म 'रश्मि रॉकेट' में भी मकर संक्रांति का सीक्वेंस दिखाया गया था। रश्मि की तेज दौड़ और पतंगबाजी को साथ में जोड़कर यह सीन फिल्म में दिखाया जाता है।

#### इन फिल्मों में दिखी लोहड़ी की धूम

मकर संक्रांति से पहले देश भर में लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। हिंदी फिल्मों में भी लोहड़ी के रंग नजर आए हैं। शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की 'वीर जारा', में लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया। इस फिल्म में एक गाना 'लो आ गई लोहड़ी...' अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी पर फिल्माया गया। इसी तरह अजय देवगन और सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में 'तू कमाल दी...' गाना फिल्माया गया, इस गाने में लोहड़ी का उत्सव, उल्लास दिखाया गया। फिल्म 'यमला पगला दीवाना' में भी लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया था, जिसमें दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र नजर आए थे।

## खबर संक्षेप

### विनय गुर्जर ने ग्रीको रोमन में जीता कांस्य

**सिरसा।** सीएमके नैशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी विनय गुर्जर ने ग्रीको रोमन 74 से 77 किलोग्राम भार प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीत कर उपलब्धि प्राप्त की। गौरतलब हैं कि ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता जोकि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय चंडीगढ में आयोजित की गई। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने विनय गुर्जर को प्रोत्साहित व शुभ आशिष देते हुए। उन्होंने कहा महाविद्यालय के विद्यार्थी ऐसी गतिविधियों में बढ़ चढक़रभाग लेते रहे हैं। भविष्य में सभी विधार्थीयों को सभी प्रतियोगिता में भाग लेतें रहनें चाहिए।

### आत्महत्या मामले में आरोपी को पकड़ा

**सिरसा।** पुलिस ने दहेज प्रताडऩा के कारण विवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान मंगत राम पुत्र अर्जुन दास निवासी कालांवाली के रूप में हुई है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि कालांवाली क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सूचना मिलते ही थाना कालांवाली पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया, आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए तथा मृतका के परिजनों के बयान दर्ज किए। मृतका के भाई ने बयान किया कि तीन वर्ष पहले उसकी बहन की शादी कालांवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई थी।

### गोशाला में भजन कीर्तन का आयोजन

**चोपटा।** महर्षि दयानंद सरस्वती गोशाला नाथूसरी कला में मंगलवार को लोहड़ी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला परिसर में विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में गौ-भक्तों और स्थानीय निवासियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से गौ-पूजन और लोहड़ी की पवित्र अग्नि प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात प्रसिद्ध भजन गायक बलविंदर एंड पार्टी ने भगवान कृष्ण और गौ-माता की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम मे भगवान श्रीराम व राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई। गौशाला समिति के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कासनिया ने बताया कि लोहड़ी का पर्व नई फसल और खुशहाली का प्रतीक है।

### मोटरसाइकिल सवार हेरोइन सहित दबोचा

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान रानियां रोड क्षेत्र से बाइक सवार युवक को 7 ग्राम 11 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त पर रानियां रोड पर थी कि उसे सामने से बाइक सवार युवक नजर आया। बाइक सवार ने पुलिस की गाड़ी देखकर अचानक वहां से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त बाइक सवार युवक को काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जे से 7 ग्राम 11 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान रिंकी निवासी रेगर बस्ती रानियां चुंगी सिरसा के रूप में हुई है।

### एमएम कॉलेज में खेला निर्णायक मुकाबला, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव नरेश कुलड़िया ने बांटे पुरस्कार

# जिला अंडर 12 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का फाइनल मैच जीत कर फतेहाबाद बी जोन टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा करवाए जा रहे अंडर 12 व15 आयु वर्ग के क्रिकेट टूर्नामेंट में अंडर 12 टूर्नामेंट का फाइनल मैच फतेहाबाद बी टीम द्वारा फतेहाबाद ए टीम को 8 विकेट से पराजित कर विजेता बनी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव नरेश कुलड़िया ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा करवाए जा रहे टूर्नामेंट के तहत अंडर 12 का फाइनल मैच एमएम कॉलेज में फतेहाबाद बी टीम एवं फतेहाबाद-ए टीम के मध्य खेला गया। फतेहाबाद ए टीम द्वारा पहले बैटिंग करते हुए 28.2 ओवर में 104 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस मैच में फतेहाबाद-ए टीम की ओर से मोहित बिश्नोई ने 27 रन व यतिन सुथार ने 21 रन बनाए। फतेहाबाद-बी टीम की तरफ से बोलिंग करते हुए करमजोत ने 20 रन देकर चार विकेट व गुरमन सिंह ने 15 रन देकर दो विकेट लिए। इसके जवाब में बैटिंग करने उतरी फतेहाबाद-बी टीम द्वारा 23.5 ओवर में दो विकेट खोकर 105 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया।



**फतेहाबाद।** विजेता टीम को सम्मानित करते क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी।



**भट्टूकलां।** राष्ट्रीय सब-जूनियर सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में विजेता टीम।

### कनिका व रजनी ने सॉफ्टबॉल स्पर्धा में जीता सिल्वर

भट्टूकलां। गांव ढाण्ड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कनिका एवं गांव खारा खेड़ी की छात्रा रजनी ने 38वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह राष्ट्रीय स्तरीय सब-जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता 9 से 12 जनवरी तक संस्कारम यूनिवर्सिटी, झज्जर में आयोजित की गई, जिसमें देशभर की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणा टीम की ओर से फतेहाबाद जिले से दो खिलाड़ियों कनिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढांड एवं रजनी खारा खेड़ी ने भाग लिया।

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता : दौड़ में मोनिका व प्रीति, साइकिल दौड़ में मुस्कान रही प्रथम



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद खंड के अंतर्गत खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का मनोहर मैमोरियल कॉलेज के खेल मैदान में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सीडीपीओ स्नेहलता द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सीडीपीओ स्नेहलता ने कहा कि खेलकूद गतिविधियां महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि नियमित खेल एवं व्यायाम से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने महिलाओं से दैनिक जीवन में खेल एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को अपनाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में मोनिका ने प्रथम, सोनिका ने द्वितीय व कुलवंत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### तीरंदाजी में हार्दिक पूनियां ने जीता स्वर्ण पदक



चोपटा। क्षेत्र के गांव रूपावास निवासी होनहार तीरंदाज हार्दिक पूनियां ने डीएवी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जिले के साथ-साथ प्रदेश का भी मान बढ़ाया है। हार्दिक ने इस प्रतियोगिता में हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान हार्दिक ने उत्कृष्ट एकाग्रता, अनुशासन और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि उनके निरंतर अभ्यास, मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हार्दिक की इस सफलता में कोच कर्ण चौहान के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण का भी योगदान रहा। कोच करण चौहान ने हार्दिक की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हार्दिक की इस ऐतिहासिक सफलता से उनके परिवार, गांव रूपावास एवं समस्त हरियाणा प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

### जमाल में वॉलीबॉल खिलाड़ी सिल्वर मेडल विजेता पूनम पारीक का जोरदार स्वागत



चोपटा। सर छोटू राम सीनियर सेकेंडरी स्कूल जमाल में संचालित वॉलीबॉल खेल नर्सरी फॉर गर्ल्स की होनहार खिलाड़ी पूनम पारीक ने सब जूनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया है। यह जानकारी देते हुए खेल प्रशिक्षक डॉ. जसवीर जाखड़ कागदाना ने बताया कि यह प्रतियोगिता कटप्पा, आंध्र प्रदेश में आयोजित की गई थी। पूनम की इस उपलब्धि से जमाल गांव, नाथूसरी चोपटा, जिला सिरसा और पूरे हरियाणा का नाम रोशन हुआ है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान पूनम पारीक का प्रदर्शन सराहनीय रहा। उनकी चुस्ती, टीमवर्क और खेल के प्रति समर्पण ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए उन्होंने फाइनल तक का सफर तय किया और सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

### अत्याचार निवारण अधिनियम एवं मैनुअल स्कैवेंजर्स पुनर्वास पर चर्चा

**सिरसा।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कालांवाली में उपमंडल स्तरीय स्थायी निगरानी समिति तथा मैनुअल स्कैवेंजर्स की पहचान एवं पुनर्वास से संबंधित बैठक उपमंडल अधिकारी (ना.) मोहित कुमार की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय में आयोजित की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि एससी/एसटी वर्ग के किसी भी व्यक्ति के साथ दुव्र्यवहार की स्थिति में तुरंत मामला दर्ज किया जाए तथा पीड़ित को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एससी/एसटी एक्ट के तहत दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर सहायता राशि प्रदान की जा सके।

## हर्बल साबुन स्टार्टअप से प्रदेश में चमका नाम

### मिला एक लाख का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती। इस बात को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मेला ग्राउंड सरसा की छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर साबित कर दिखाया है। छात्राओं द्वारा प्राकृतिक तत्वों से तैयार किया गया पंखुड़ी हर्बल साबुन स्टार्टअप मॉडल हरियाणा स्तर की प्रतियोगिता में सराहना का केंद्र बना। एलोवेरा, नीम, तुलसी, हल्दी, चंदन, गोट मिल्क, रोज पैटल और गुड़हल जैसे प्राकृतिक तत्वों से तैयार यह हर्बल साबुन न केवल त्वचा के लिए लाभकारी है, बल्कि स्वरोजगार की दिशा में भी एक प्रभावशाली प्रयास है। यह मॉडल हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित कौशल बिजनेस चैलेंज प्रतियोगिता में प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन पहले ब्लॉक, फिर जिला और उसके बाद राज्य स्तर पर किया गया। जिला स्तर पर दो चरणों में आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे चरण के बाद प्रत्येक जिले से तीन-तीन टीमों का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया। राज्य स्तर पर कुल 66 टीमों ने भाग लिया।

### मोटर चोरी मामले के दो आरोपी दबोचे

**सिरसा।** शहर थाना सिरसा पुलिस ने एमसी मार्केट स्थित निर्माणाधीन मकान से पानी की मोटर चुराने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि बेगू रोड़ निवासी भोला राम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 11 जनवरी को दोपहर के समय अज्ञात ने निर्माणाधीन मकान में घुसकर पानी की मोटर चोरी कर ली। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर थाना शहर सिरसा में अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्जकर जांच शुरु की गई। जांच के दौरान शहर थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी गौरव निवासी सिरसा को सिरसा से गिरफ्तार कर पूछताछ की गई।

## एक लाख की ठगी करने पर महिला को मध्य प्रदेश से किया गिरफ्तार

### परिचित का बेटा बनकर आरोपी ने पीड़ित को झांसे में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

परिचित बनकर एक लाख रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक महिला आरोपी को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मंजू मिश्रा पत्नी सुनील मिश्रा निवासी भोपाल हुजूर, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। मंगलवार को थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि शिकायतकर्ता सोहन सिंह पुत्र भाग सिंह निवासी वार्ड नंबर 11, रतिया, जिला फतेहाबाद ने बताया कि 27 फरवरी 2024 को एक अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को उसके परिचित का बेटा बताकर पैसों की आवश्यकता होने का दावा किया। विश्वास में आकर शिकायतकर्ता ने गूगल-पे के माध्यम से एक लाख की राशि आरोपी के बताए गए मोबाइल नंबर पर ट्रांसफर कर दी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान मंजू मिश्रा के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस बारे पुलिस ने थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद में 1 अगस्त 2025 को केस दर्ज किया गया था।



**फतेहाबाद।** धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार महिला।

## सामाजिक समरसता को बढ़ावा दे रही मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह शगुन योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और छुआछूत जैसी कुप्रथाओं के उन्मूलन के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत अंतरजातीय विवाह करने वाले दंपतियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अब तक योजना के तहत 118 लाभपात्रों को दो करोड़ 95 लाख रुपए की राशि खाते में भेजी जा चुकी है। योजना के तहत के अंतर्गत अनुसूचित जाति के युवक या युवती द्वारा अन्य जाति में विवाह करने पर सरकार की ओर से कुल 2.50 लाख रुपए की अनुदान राशि दी जाती है। इसमें से 1.25 लाख रुपए विवाह के उपरांत संयुक्त बैंक खाते में दिए जाते हैं, जबकि शेष 1.25 लाख रुपए की राशि तीन वर्षों के लिए संयुक्त सावधि जमा के रूप में जमा की जाती है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए अनुसूचित जाति से संबंधित लडक़ा लड़की हरियाणा का स्थायी निवासी होना चाहिए। वहीं जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि योजना के लिए आवश्यक दस्तावेजों में वर-वधु की जन्मतिथि प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संयुक्त बैंक खाता पासबुक, हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, विवाह की फोटो तथा शपथ पत्र शामिल हैं।

## चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदारों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई : एसपी

### मांझे के कारण होने वाली मौतों को देखते हुए एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चाइनीज मांझे के कारण लोगों की मौत होने की घटनाओं के बीच पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चाइनीज मांझे के प्रयोग, बिक्री व भंडारण को लेकर पुलिस की जनहित एडवाइजरी जारी की है। एसपी का कहना है कि चाइनीज मांझा अत्यंत क है, जिससे आम नागरिकों, बच्चों, पशु-पक्षियों एवं वाहन चालकों को गंभीर चोट जान का खतरा बना रहता है। बता दें कि शहर में अनेक दुकानों पर खुलेआम चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है। मेन बाजार, पुरानी तहसील चौक, पुरानी सब्जी मण्डी सहित शहर के अनेक बाजारों में दुकानों पर इस मांझे की बिक्री हो रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चाइनीज मांझे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा इसका प्रयोग करना अपराध है। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर चोरी-छिपे इसका इस्तेमाल किया जाता है, जो बेहद चिंताजनक है।



एसपी सिद्धांत जैन

#### डायल 112 पर सूचित करें

दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि चाइनीज मांझे की बिक्री करते पाए जाने पर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी चाइनीज मांझे की बिक्री या उपयोग की सूचना मिले तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या डायल 112 पर सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके और किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## ट्रैक्टर अनुदान के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान जिला के एससी वर्ग के किसानों को नए 45 हॉर्स पावर या उससे अधिक क्षमता वाले ट्रैक्टर पर सरकार द्वारा अधिकतम तीन लाख रुपए तक का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत पात्र किसान 15 जनवरी तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ वही अनुसूचित जाति के किसान ले सकते हैं जिनके पास कृषि भूमि का स्वामित्व हो। पीपीपी आईडी के अंतर्गत परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर भूमि स्वामित्व भी मान्य होगा। इसके साथ ही आवेदक का नाम मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता विजय जैन ने बताया कि योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले किसान ने पिछले पांच वर्षों के दौरान ट्रैक्टर पर किसी भी सरकारी योजना का लाभ न लिया हो तथा लाभ मिलने के बाद अगले पांच वर्षों तक ट्रैक्टर को बेच नहीं सकेगा। लाभार्थी किसानों का चयन उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा ड्रॉ के माध्यम से जिला स्तर पर किया जाएगा।

## साइबर सैल के सस्पेंड 3 पुलिस कर्मचारियों पर मामला दर्ज

### एंटी क्रप्शन ब्यूरो राजस्थान की शिकायत पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा साइबर सैल के सस्पेंड तीन पुलिसकर्मियों सहित चार के खिलाफ एसीबी राजस्थान की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। साइबर ठगी के आरोपियों की धरपकड़ के लिए राजस्थान गई साइबर सैल सिरसा की टीम की गाड़ी से एसीबी ने करीब छह लाख रुपये की नगदी बरामद की थी। मामले में सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने तत्काल एक्शन लेते हुए तीनों आरोपियों को लाइन हाजिर कर दिया था। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान एसीबी हेडक्वार्टर जयपुर के आदेशों पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में एसीबी नागौर की ओर से हेडक्वार्टर को चार पुलिसकर्मियों के नाम भेजे गए थे, उनमें पीएसआई सुरेंद्र, हेड कॉन्स्टेबल वीरेंद्र व कॉन्स्टेबल जगजीत सिंह व अन्य शामिल है, जो उन तीनों के साथ था।

#### महिला से 9.18 लाख की ठगी की थी

उल्लेखनीय है कि सिरसा की एक महिला से साइबर ठगों ने नौ लाख 18 हजार 100 रुपए की साइबर ठगी। साइबर सैल सिरसा की टीम जांच करते हुए राजस्थान पहुंची और जिला राजसमंद से तीन युवकों को पकड़ा। एसीबी राजस्थान के अनुसार साइबर अपराधियों को छोडऩे की एवज में 20 लाख की मांग की। एक आरोपी ने राजसमंद स्थित एटीएम से पैसे निकलवाए और छह लाख पुलिसकर्मियों को थमा दिए। पुलिसकर्मियों ने उसे छोड़ दिया और एसीबी को सूचना दे दी। साइबर ठगों से कथित वसूली करने वाली

### अभाविप ने महिला महाविद्यालय में करवाई संगोष्ठी

## स्वामी विवेकानंद के उदार जीवन का दिया परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी, रंगोली, पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम का संचालन इकाई अध्यक्ष कुमारी तन्नु ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप की ओर से जिला प्रमुख संदीप देशप्रेमी, जिला संयोजक संजीव रलिया, विभाग छात्रा प्रमुख कुमारी शशि, नगर मंत्री साहिल न्योल, नगर मीडिया संयोजक प्रिंस लांबा भी मौजूद थे। नगराध्यक्ष डॉ. कपिल कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन की सैद्धांतिक पृष्ठभूमि प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि स्वामी जी का प्रमुख लक्ष्य था कि भारत का युवा अपने व्यक्तित्व एवं राष्ट्र को प्रमुखता दें और इन दोनों के निर्माण के लिए उसे सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान किया जाना आवश्यक है। जिला संयोजक संजीव रलिया ने अभाविप के इतिहास विकास पर कहा कि अभाविप के प्रेरणापुंज स्वामी विवेकानंद हैं तथा उनके आदर्शों पर चलकर हमें अपने राष्ट्र के पुनर्निर्माण में बहुमूल्य योगदान देना है तथा 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करना है।



**सिरसा।** गोष्ठी में भाग लेते विद्यार्थी।

#### ये रहे मुकाबलों के परिणाम

भाषण एवं पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढक़र भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा तन्नु को प्रथम, खुशप्रीत द्वितीय तथा संध्या को तृतीय पुरस्कार दिया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में योगिता को प्रथम, मानसी को द्वितीय स्थान तथा जसप्रीत को तृतीय पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर रोहताश एवं डॉ. कपिल कुमार विशेष रूप से शामिल थे। कार्यक्रम आयोजन में महाविद्यालय से डॉ. प्रीत कौर एन.एस.एस. इंचार्ज व एबीवीपी कार्यकर्ता मानवी, करुणा, ललिता, संरचना, मानसी, योगिता तथा अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।

## सीडीएलयू में उत्साह एवं उल्लास से मनाया पारंपरिक लोक पर्व बेटियों की लोहड़ी

# लोहड़ी हमारी समृद्ध लोक संस्कृति, नारी शक्ति और सामूहिक आनंद का पर्वः कुलपति

- ऐसे आयोजनों से लोक परंपराओं को संजोने और नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने का मिलता है अवसर
- महिलाओं के सशक्तीकरण, भाईचारे और सामाजिक समरसता का है प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में पंजाबी विभाग व गुरु तेग बहादुर रिसर्च चेयर के संयुक्त तत्वावधान में पारंपरिक लोक पर्व बेटियों की लोहड़ी को बड़े उत्साह एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में गिद्दा व भंगड़ा करते हुए मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार का स्वागत किया। प्रो. विजय कुमार ने पवित्र अग्नि को प्रज्ज्वलित किया और तिल डालकर पूजा की गई।

उन्होंने सभी को बेटियों की लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटियों की लोहड़ी हमारी समृद्ध लोक-संस्कृति, नारी शक्ति और सामूहिक आनंद का पर्व है। ऐसे पारंपरिक आयोजनों से विश्वविद्यालय परिवार में आपसी सौहार्द, सकारात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना का संचार होता है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से हमारी लोक परंपराओं को संजोने और नई पीढ़ी को उनसे जोडऩे का अवसर मिलता है। यह पर्व महिलाओं के सशक्तीकरण, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक लोकगीतों, गिद्दा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को आनंदमय बना दिया। तिल, रेवड़ी, मूंगफली एवं लोहड़ी से जुड़ी पारंपरिक सामग्रियों के साथ लोक परंपराओं का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन पंजाबी विभाग व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह बाजवा ने किया। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखना और सामूहिक आनंद के माध्यम से आपसी संबंधों को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर गुरु तेग बहादुर रिसर्च चेयर के उप निदेशक पंजाबी विभाग के प्राध्यापक गुरसाहिब सिंह, डॉ. चरणजीत, डॉ. हरदेव, डॉ. अमरीक आदि मौजूद थे।


सिरसा। सीडीएलयू में लोहड़ी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते कुलपति व अन्य।


लोहड़ी पर्व पर बेटियां सेल्फी लेते हुए।

## अवगुणों और विकारों को करें लोहड़ी की अग्नि में भस्मः पूनम भारती

सिरसा। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा मंगलवार को साहुवाला स्थित आश्रम में लोहड़ी मकर संक्रांति का पावन पर्व अत्यंत उत्साह व श्रद्धा से मनाया गया। साध्वी पूनम भारती ने कहा कि यह पर्व मौसम परिवर्तन और नई फसल के स्वागत का संदेश देता है। उन्होंने इस अवसर पर आध्यात्मिक जागरूकता सामाजिक समरसता और नारी सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने समाज को भ्रूण हत्या जैसी गंभीर समस्या के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि भारत वह पवित्र भूमि है, जहां युगों से नारी शक्ति की पूजा होती चली आ रही है। यहां बेटी को लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा का स्वरूप माना गया है, परंतु आज दुःख की बात है कि यह महान परंपरा संकट में पड़ गई है। घरों के आंगन की शोभा बनने वाली बेटियां आज जन्म से पहले ही मिटाई जा रही हैं। साध्वीश्री ने कहा कि नारी के बिना यह संसार अधूरा है। नारी देश की आधी आबादी है और यदि नारी नहीं रहेगी तो समाज और देश का अस्तित्व भी संकट में पड़ जाएगा, इसलिए बेटियों को कभी भी बोझ न समझा जाए, बल्कि उन्हें सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकार दिए जाएं। बेटी केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की शान होती है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी का पर्व केवल लोक परंपरा या भौतिक खुशियों तक सीमित नहीं है बल्कि यह गहरे आध्यात्मिक संदेश भी देता है।


रतिया। लोहड़ी उत्सव मनाते पंजाबी सभा के सदस्य।

## पंजाबी सभा ने धूमधाम से मनाया उत्सव

# 'सुंदर मुंदरिये हो तेरा कौन विचारा हो' जैसे मंगल गीतों की रही गूंज

- लोहड़ी के मंगल गीतों को गाकर लोहड़ी पर्व को किया सार्थक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

पंजाबी सभा द्वारा पंजाबी धर्मशाला में लोहड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मार्केट कमेटी चेयरमैन राज कुमार मेहता राजू, ब्लॉक समिति चेयरमैन केवल मेहता, नगर पालिका चेयरपर्सन प्रीति खन्ना व महेश खन्ना द्वारा संयुक्त रूप से लोहड़ी पूजन करके शुरू किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सभा अध्यक्ष सतीश हांडा द्वारा की गई व कार्यक्रम का संचालन सभा के मुख्य संयोजक एडवोकेट विज्ञान सागर बाघला द्वारा किया गया। पंजाबी सभा महासचिव कृष्ण तनेजा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट प्रभारी एडवोकेट विपिन चावला ने कार्यक्रम के समापन पर पंजाबी समाज के लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम में मौजूद महिला मंडल की इंचार्ज उषा सेतिया व उनकी टीम और अन्य महिलाओं ने सुंदर मुंदरिये हो, तेरा कौन विचारा हो, दुल्ला भट्टी वाला हो, दुल्ले दी धी व्याही हो, सेर शक्कर पाई हो जैसे लोहड़ी के मंगल गीतों को गाकर लोहड़ी पर्व को सार्थक किया। इस अवसर पर हरबंस खन्ना, डॉ. हंसराज मेहता, डॉ. चरणजीत मलिक, मेहरचंद तनेजा, मुंशीराम बजाज, गोपी राम, सतीश चोपड़ा, शिव वधवा, मोहनलाल बुद्धिराजा, राम तनेजा पूर्व सरपंच, अशोक मेहता, रमेश चिल्लाना, सुभाष चुघ, संजय मक्कड़, शाम आनंद, केशव गौशाला के प्रधान शाम मेहता, रमेश जताना, प्रमोद कक्कड़, पंचनद सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चुघ, दिनेश तनेजा, प्रवीण तनेजा, शक्ति नाटक क्लब के प्रधान राजेश सेतिया, संजय चुघ, बॉबी मिढा आदि मौजूद थे।

## बीएड कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व गिद्दे और भांगड़े ने मचाई धूम


बीएड कॉलेज में आयोजित लोहड़ी उत्सव में भाग लेते स्टाफ सदस्य।

फतेहाबाद। मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद में लोहड़ी और मकर संक्रांति का पावन पर्व बेहद उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय द्वारा हमेशा की तरह अपने सहायक कर्मचारियों का मान-सम्मान करते हुए इस बार लोहड़ी पर्व पर पार्कों का रखरखाव करने वाले मालियों से लोहड़ी पूजन कर व पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया।

सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की इंचार्ज अमनप्रीत कौर ने बताया कि इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों द्वारा अग्नि में तिल, गुड़ और रेवड़ी अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गिद्दा एवं भांगड़ा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। पंजाबी, हरियाणवीं और राजस्थानी पारंपरिक लोक गीतों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। कॉलेज मैनेजमेंट सदस्यों ने लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। लोहड़ी और संक्रांति जैसे त्योहार नई ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक हैं, जो छात्रों के जीवन में अनुशासन और भाईचारे की भावना भरते हैं। इस अवसर पर एनएसएस विभाग द्वारा पॉलिथीन व प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया और सभी को प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई गई।


फतेहाबाद। बीएड कॉलेज में आयोजित लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

# भाजपा कार्यालय में मनाया लोहड़ी और मकर संक्रांति मिलन समारोह

- आपसी सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं ऐसे उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय सरसाई कमल में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतीद्र सिंह ने सभी को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लोहड़ी और मकर संक्रांति दोनों ही पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं, जो समाज में एकता, प्रेम, सकारात्मकता और आपसी सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं। ऐसे आयोजनों से कार्यकर्ताओं में आपसी समन्वय बढ़ता है।

### संगठन की मजबूती का प्रण दोहराया

भाजपा के वरिष्ठ नेता अमीर चंद मेहता ने कहा कि हमें इन पर्वों से प्रेरणा लेकर सामाजिक सद्भाव, सेवा भाव और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश मंत्री सुरेंद्र आर्य तथा मार्केट कमेटी सिरसा के अध्यक्ष इंद्रपाल जांगड़ा सहित अन्य वक्ताओं ने भी उपस्थितजनों शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई दी तथा संगठन की मजबूती और जनसेवा के प्रण को दोहराया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सुरेंद्र आर्य, वरिष्ठ भाजपा नेता अमीर चंद मेहता, मार्केट कमेटी सिरसा के अध्यक्ष इंद्रपाल जांगड़ा, जिला महामंत्री अंबर मेहता, जिला उपाध्यक्ष निकुराम फौजी, जिला सचिव सुमन सैनी, कार्यालय सचिव विष्णु शर्मा, एडवोकेट कपिल सोनी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।


लोहड़ी पर्व मनाते भाजपाई।

## बार एसोसिएशन रानियां ने उल्लास से मनाई लोहड़ी

# लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, आस्था, बलिदान और सामाजिक एकता की कहानीः गुरविंद्र सिंह

- आपसी एकता को मजबूत करने के साथ हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवंत रखते हैं ऐसे आयोजन

रानियां। बार एसोसिएशन रानियां द्वारा लोहड़ी का पावन पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर रानियां तहसीलदार शुभम शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ बार एसोसिएशन रानियां के प्रधान सेवा सिंह संधू द्वारा विधिवत रूप से लोहड़ी जलाकर किया गया। इस मौके पर तहसीलदार शुभम शर्मा ने उपस्थित अधिवक्ताओं को लोहड़ी और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन रानियां हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखते हुए प्रत्येक पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाती है, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी एकता को मजबूत करते हैं और हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। गुरविन्द्र सिंह एडवोकेट ने लोहड़ी, मकर संक्रांति और माघी पर्व के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि लोकआस्था, बलिदान और सामाजिक एकता की कहानी अपने भीतर समेटे हुए है।


बार एसोसिएशन के सदस्य लोहड़ी पर्व मनाते हुए।

### पर्व का उद्देश्य

गुरविन्द्र सिंह एडवोकेट ने माघी पर्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह सिख धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। माघी का दिन गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों और चालीस मुक्तों की शहादत की स्मृति में मनाया जाता है, जो बलिदान, साहस और धर्म की रक्षा का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। पूरे वातावरण में उत्साह, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के प्रधान सेवा सिंह संधू, उप प्रधान राम लाल, सचिव राम लाल, पूर्व प्रधान ओम प्रकाश कस्वां, हरपाल सिंह, बलविन्द्र सिंह, नरेन्द्र नैन, वीरेन्द्र सहारण आदि मौजूद थे।

# श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया लोहड़ी का पर्व

- लोहड़ी पर बच्चों को मिल जुलकर रहने की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय, सिरसा में मंगलवार को लोहड़ी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। लोहड़ी पर्व की पावन ज्योत श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल ने प्रज्ज्वलित की। उन्होंने विद्यार्थियों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दी तथा बच्चों को मिल जुलकर रहने की प्रेरणा दी।

अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को मकर संक्रांति की भी शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को पर्व की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जिले के सभी लोगों को भी लोहड़ी तथा मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा के सचिव सुरेश वत्स, प्राचार्य गणेश शंकर ने भी लोहड़ी व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में श्री सनातन धर्म सभा के प्रबंधक बजरंग पारीक, पुष्यमित्र, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश रोहिल्ला, अश्विनी गोयल, आचार्या पुष्पा, आचार्य विक्रम शास्त्री, संगणक अध्यापिका सिमरन, नीरज व शिल्पा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी किरण, जया, सरोज, रवीना, मैना, प्रिया आदि ने लोहड़ी पर गीतों की प्रस्तुति दी।

## भूना क्षेत्र के एक गांव में टूटी रिश्तों की मर्यादा

# राखी बंधवाने वाला बना पति, चार साल के बेटे को छोड़ प्रेमी संग गई

- तीन खंडों से जुड़ी इस कहानी से हर कोई हैरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

मंगलवार को भूना क्षेत्र में रिश्तों की मर्यादा को झकझोर देने वाला एक अजीबोगरीब मामला सामने आया। तीन अलग-अलग ब्लॉकों से जुड़ी इस कहानी में ऐसा मोड़ आया, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। जिस युवक को महिला वर्षों तक भाई मानती रही, हाथ पर राखी बांधती रही और पारिवारिक कार्यक्रमों में बहन का रिश्ता निभाती रही, उसी युवक को उसने दो दिन पहले अपना जीवनसाथी चुन लिया। जानकारी के अनुसार भूना ब्लॉक के एक गांव की युवती की शादी 22 फरवरी 2019 को फतेहाबाद ब्लॉक के एक गांव में हुई थी। शादी के बाद युवती ने एक बेटे को जन्म दिया, जिसकी उम्र अब करीब चार वर्ष बताई जा रही है। कुछ महीनों से युवती अपने मायके आई हुई थी और इसी दौरान यह पूरा मामला सामने आया।

### इलाके में चर्चा का विषय

बताया जा रहा है कि युवती का भाई और उसका प्रेमी संदीप लंबे समय से एक ही शराब ठेके पर सेल्समैन के रूप में काम कर रहे थे। इसी कारण संदीप का युवती के घर आना-जाना था। धीरे-धीरे यह मेलजोल आंख-मिचौली और फिर प्रेम संबंध में बदल गया। परिवार के लोगों के सामने संदीप बहन जैसा रिश्ता निभाता रहा, लेकिन पर्दे के पीछे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती चली गईं। 10 जनवरी को युवती अपने चार वर्षीय बेटे को मायके में छोड़कर प्रेमी संदीप के साथ घर से चली गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को पुलिस ने दोनों को आदमपुर के नजदीक सदलपुर गांव से काबू किया। पुलिस के सामने युवती ने साफ कहा कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से संदीप के साथ रहना चाहती है। परिवार के लोगों ने मौके पर पहुंचकर युवती को समझाने की कोशिश की। चार साल के मासूम बेटे को सामने लाकर दुआर लगाई गई, लेकिन युवती इश्क में इस कदर अंधी थी कि वह अपने फैसले से टस से मस नहीं हुई। उसने प्रेमी के साथ ही भविष्य बिताने की जिद पकड़ ली। यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसे रिश्तों की बदलती परिभाषा से जोड़कर देख रहे हैं।

### न्यायालय ने दे दी है साथ रहने की अनुमति

थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि युवती बालिग है और उसने अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए लिखित बयान दिए हैं। कानून के अनुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें साथ रहने की अनुमति दे दी गई।

## हरियाणा के लिए स्वतंत्र हाईकोर्ट और पृथक बार काउंसिल के गठन की उठी मांग

बार रूम में हुई ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की महत्वपूर्ण बैठक

# संविधान पर हो रहे हमले, जनता की आशाएं न्यायपालिका परः सुरेन्द्रनाथ

- नए वकीलों को प्रारंभिक कॅरियर में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए मासिक स्टाइपेंड और सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे उठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संविधान पर लगातार हमले किए जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर गंभीर कुठाराघात हो रहा है। ऐसे हालात में देश की जनता की आशाएं न्यायपालिका पर टिकी हुई हैं। यह बात ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पीवी सुरेंद्रनाथ ने आज यहां हुई हरियाणा राज्य काउंसिल की बैठक को संबोधित करते हुए कही।



फतेहाबाद। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन हरियाणा राज्य काउंसिल की बैठक को संबोधित करते वक्ता। फोटो: हरिभूमि

ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन हरियाणा राज्य काउंसिल की यह महत्वपूर्ण बैठक फतेहाबाद बार रूम में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सामूहिक रूप से संगठन के राज्य अध्यक्ष एडवोकेट गुरमेज सिंह और फतेहाबाद जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट दिनेश गेरा ने की। बैठक में राज्यभर से आए वकीलों ने भाग लिया और हरियाणा के लिए स्वतंत्र हाई कोर्ट एवं पृथक बार काउंसिल के गठन की मांग को पुरजोर ढंग से उठाया। बैठक के दौरान वकीलों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और सुविधाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर गंभीर चर्चा की गई। आगामी बार कौंसिल चुनावों को ध्यान में रखते हुए नए एवं जूनियर वकीलों को उनके प्रारंभिक करियर में आर्थिक सहयोग प्रदान करने हेतु मासिक स्टाइपेंड की व्यवस्था, महिला अधिवक्ताओं को मातृत्व अवधि के दौरान आर्थिक सुरक्षा देने हेतु विशेष भत्ता सुनिश्चित किया जाने, सभी वकीलों एवं उनके परिवारजनों के लिए व्यापक और निःशुल्क चिकित्सा बीमा योजना तुरंत लागू करने, प्रत्येक अधिवक्ता को कार्य हेतु उपयुक्त चैंबर अथवा निर्धारित सीट उपलब्ध कराने आदि मांगे उठनी चाहिए।

### वकील एकजुट होकर उठाएं मांग

राष्ट्रीय वित्त सचिव एवं दिल्ली हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल चौहान ने कहा कि शीघ्र ही हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव होने जा रहे हैं और इस अवसर पर वकीलों को एकजुट होकर हरियाणा के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से अलग एक स्वतंत्र हाई कोर्ट तथा पृथक हरियाणा बार काउंसिल की मांग को मजबूती से उठाना चाहिए। इस अवसर पर राज्य सचिव कुलदीप सिंह, राजविंदर चंदी, डॉ. अर्जुन सिंह, सोमदत्त शर्मा, चांदी राम, चंद्रभान डाका, देवीलाल, कमलेश वशिष्ठ, शाहनवाज, रामचंद्र सहनाल, मुकेश देवी, विनोद भारद्वाज, बलबीर कौर, डॉ. पवन आर्य, रणबीर चौहान, प्रमीला भारद्वाज, अतर सिंह, संजीव कुमार, अमनदीप कौर, रणधीर साथी, सतपाल सिंह सहित अनेक अधिवक्ताओं ने भागीदारी की।